**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 31.08.2025 समय : 0705

**<><><><><><><>**

- प्रधानमंत्री आज सुबह ग्याहर बजे आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे ।
- केन्द्रीय सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने द्वीपसमूह सड़क निर्माण कार्यों के लिए चार हजार नौ सौ अटठानबे दशमलव छ नौ लाख रूपए की मंजूरी दी।
- द्वीपों में आगामी भारत की जनगणना की तैयारी शुरू–मुख्य सचिव की अध्यक्षता में यू.टी स्तरीय समिति सदस्य की पहली बैठक आयोजित की गइ।
- स्वराज द्वीप के गोविंदनगर ग्राम पंचायत में सारथनी योजना का उद्‌घाटन किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 125वीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट तथा न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण होगा।

<><><><><><><>

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने द्वीपसमूह में नब्बे सड़क निर्माण कार्यों के लिए चार हजार नौ सौ अटठानबे दशमलव छ नौ लाख रूपए स्वीकृत की है। सांसद बिष्णु पद रे ने अटठाईस दिसम्बर दो हजार चौबीस को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के श्री विजयपुरम दौरे के दौरान आवश्यक बुनियादी ढांचा विशेष रूप से नगरपालिका क्षेत्रों सहित पुरे द्वीप समूह में सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण, केन्द्रीय सी आर आई एफ योजना के तहत वित्तीय सहयता की मांग की थी। त्वरित कार्रवाई करते हुए, प्रशासन ने अप्रैल और जुलाई 2025 में नगरपालिका क्षेत्र और अंडमान लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में मरम्मत, नवीनीकरण और उन्नयन के लिए सड़क प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत किए।

सांसद ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व और उदार सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

<><><><><><>

कला एवं संस्कृति विभाग की ओर से 'विश्व लोककथा दिवस' के अवसर पर  कल टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के सभागार में लोक नृत्य और लोकगीतों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन, कला एवं         संस्कृति सचिव, ज्योति कुमारी, ने मुख्य अतिथि के रूप में किया। अपने संबोधन में उन्होंने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्रों को 'विश्व लोककथा दिवस' को विशेष बनाने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम न केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है, बल्कि हमारी जड़ों, परंपराओं और पहचान को पुनर्जीवित करने का एक सार्थक प्रयास भी है। सचिव ने उत्कृष्ट सांस्कृ तिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कला एवं संस्कृति विभाग की पूरी टीम की सराहना की। इस अवसर पर द्वीपो की जानीमानी इतिहासकार डॉ. रशीदा इकबाल ने "अंडमान के किस्से" पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। जबकि ऐनकॉल के संकाय सदस्य डॉ. जोचिबेद विंसेंट ने "निकोबार के किस्से" का वर्णन किया। कार्यमकम के दौरान स्कूली छात्रों ने लोकगीत प्रस्तुत किए। कला एवं संस्कृति निदेशक, प्रियंका कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए जाना जाता है और यह हमारी सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक प्रयास है। कार्यक्रम का समापन कला एवं संस्कृति की सहायक निदेशक, श्रीमती कनक राधा चटर्जी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विजेताओं को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने आगामी भारत की जनगणना दो हजार सत्ताईस की तैयारी शुरू कर दी है। इस कार्य की उच्चतम स्तर पर निगरानी के लिए गठित केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय जनगणना समन्वय समिति की पहली बैठक 29 अगस्त को मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार की अध्यक्षता में हुई। बैठक में प्रशासन के विभिन्न विभागों के सचिवों ने भाग लिया। बैठक की संयोजक और जनगणना निदेशक पूर्वा गर्ग ने एक विस्तृत प्रस्तुति दी जिसमें संभावित जनगणना कैलेंडर, प्रारंभिक कार्य की प्रगति और अपनाए जाने वाले नए नवाचारों की रूपरेखा प्रस्तुत की गई। उन्होंने बताया कि 2027 की जनगणना पूरे देश में दो चरणों में डिजिटल रूप से आयोजित की जाएगी। मुख्य सचिव ने जनजातीय क्षेत्रों में गणना पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, जिला टीबी केंद्र, डॉ. आर.पी. अस्पताल, मायाबंदर में कल उप–केंद्र, वेबी और जिला सुधार गृह में निक्षय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान, जिला कार्यक्रम समन्वयक, माधव राव ने क्षय रोग, इसके लक्षणों, निक्षय पोषण योजना, निक्षय मित्र के बारे में जागरूकता पैदा की और शीघ्र पहचान, समय पर उपचार और निवारक उपायों के महत्व पर प्रकाश डाला। इसके अतिरिक्त, एचआईवी परामर्शदाता सुशांत गोल्डर, ने एचआईवी जागरूकता पर बात की और रोकथाम, परीक्षण और उपचार की आवश्यकता पर बल दिया। इसके बाद, डॉ. क्रिस्टीना रॉसिटी, डी.टी.ओ और आयुर्वेद के चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रियंका इकबाल ने चिकित्सा टीम के साथ प्रतिभागियों की स्क्रीनिंग की। इस शिविर में लगभग 35 व्यक्तियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

भारतीय स्टेट बैंक ग्रमीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान और परिवहन निदेशालय के सहयोग से हाल ही में महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से स्वराज द्वीप के गोविंदनगर ग्राम पंचायत में सारथनी योजना का औपचारिक रूप से उद्‌घाटन किया गया। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए हल्के मोटर वाहन ड्राइविंग प्रशिक्षण कक्षाएं प्रदान करने पर केंद्रित है, जिससे उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर प्राप्त करने में मदद मिलेगी। उद्‌घाटन कार्यक्रम में स्थानीय महिलाओं, पंचायत प्रतिनिधियों और परिवहन विभाग तथा RSETI भारतीय स्टेट बैंक के अधिकारियों ने भाग लिया। यह योजना विशेष रूप से महिलाओं के लिए ड्राइविंग को एक पेशेवर कौशल के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर परिवहन विभाग के उप निदेशक बी. बिनॉय, श्यामनगर पंचायत समिति सदस्य देबज्यानी सिकदर, गोविंदनगर ग्राम पंचायत की उप–प्रधान ममता मंडल, RSETI के निदेशक सी. राज, यूटीएलबीसी के मुख्य प्रबंधक पी. के. उमर फारूक और लीड बैंक के मुख्य प्रबंधक रविशंकर उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन प्रशिक्षुओं के पहले बैच के लिए एक अभिविन्यास सत्र के साथ हुआ, जिन्होंने इस अवसर के लिए बहुत उत्साह और आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

शिक्षा एवं खेल विभाग, अंडमान एसोसिएशन ऑफ टूर ऑपरेटर्स और डाइव कलर्स के सहयोग से, राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद को स्वराज द्वीप पर एक शानदार पानी के नीचे श्रद्धांजलि अर्पित की गई। द्वीप समूह ने ऐतिहासिक रूप से पहली बार 12 पेशेवर गोताखोरों और भारतीय खेल प्राधिकरण के 3 अधिकारियों की एक टीम ने समुद्र के नीचे भारत के हॉकी आइकन की स्मृति

में तख्तियां और बैनर लेकर प्रदर्शन किया। यह ऐतिहासिक श्रद्धांजलि फिट इंडिया खेल महोत्सव 2025 का मुख्य आकर्षण थी।

**<><><><><><><>**

विद्युत विभाग की ओर से आम जनता, सभी सरकारी विभागों, निजी संगठनों को सूचित किया जाता है कि दक्षिण अंडमान में पिछले कुछ महीनों से बिजली आपूर्ति की उत्पादन क्षमता में कमी के कारण स्थिति बिगड़ी हुई है और पिछले कुछ दिनों में गंभीर हो गई है। इसलिए, बिजली विभाग की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपलब्ध बिजली उत्पादन और अन्य तकनीकी कारणों के आधार पर लोड शेडिंग की अवधि को तत्काल प्रभाव से पन्द्रह दिनों के लिए बढ़ा दिया गया है।

**<><><><><><><>**